कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS.IPS.MPPSC.CJ-II

/kautilyaacademy

# डेली करंट अफेयर्स

## 22 April 2024




www.kautilyaacademy.com

# भारत ने फिलीपींस को सौंपी ब्रह्मोस मिसाइल :

- भारत ने फिलीपींस को **ब्रह्मोस मिसाइल** की पहली खेप सौंप दी है।
- ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले जत्थे को **सी-17 ग्लोबमास्टर** और **आईएल-76** विमानों के जरिए फिलीपींस पहुंचाया गया है।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*

- इसी के साथ **फिलीपींस, भारत के बाद ब्रह्मोस का इस्तेमाल करने वाला दूसरा देश बन गया** है।
- **ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (BAPL) ने 28 जनवरी, 2022** को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।




For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आवश्कता :

- फिलीपींस ने ब्रह्मोस मिसाइल को **खास तौर पर चीन के साथ युद्ध की आशंकाओं** को देखते हुए खरीदा है।
- **फिलीपींस और चीन के बीच दक्षिण चीन सागर की कई द्वीपों को लेकर विवाद है।** इस द्वीपों को लेकर दोनों देशों के तटरक्षक बल कई बार आमने-सामने आ चुके हैं।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# ब्रह्मोस मिसाइल :

- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की **स्पीड (स्पीड 2.8 मैक) काफी तेज** है और इसकी **मारक क्षमता 290 किलोमीटर** है।
- इस मिसाइल की खास बात ये है कि इसे **पनडुब्बी, जहाज, विमान** या **जमीन** से **लॉन्च** किया जा सकता है।
- इस मिसाइल में यह भी है कि यह **हवा में अपना रास्ता भी बदल सकती है**, जिससे इसे ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।




For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

- फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की **स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा** है।
- ब्रह्मोस के हर एक सिस्टम में **दो मिसाइल लॉन्चर, एक रडार** और **एक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर** होता है। इसके जरिए सबमरीन, शिप, एयरक्राफ्ट से दो ब्रह्मोस मिसाइलें 10 सेकेंड के अंदर दुश्मन पर दागी जा सकती है।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*

# आर्टेमिस समझौता :


- हाल ही में **स्वीडन** नासा के **'आर्टेमिस समझौते'** पर हस्ताक्षर करने वाला **38वाँ देश** एवं **स्लोवेनिया 39वाँ देश** बन गया।
- वर्तमान में **संयुक्त राज्य अमेरिका**, **भारत** और **जापान** समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले अग्रणी अंतरिक्ष यात्री देश हैं।
- भारत गैर-बाध्यकारी **आर्टेमिस** समझौते पर हस्ताक्षर करने **वाला 27वाँ देश** था।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* GET IT ON Google Play

# आर्टेमिस समझौता के बारे में :

- **नासा** ने अमेरिकी विदेश विभाग के साथ समन्वय में, सात अन्य संस्थापक सदस्य देशों के साथ मिलकर **वर्ष 2020 में आर्टेमिस समझौते की स्थापना** की।
- यह समझौता **संयुक्त राज्य अमेरिका** और हस्ताक्षरकर्ता देशों द्वारा पंजीकरण कन्वेंशन, बचाव और वापसी समझौते के साथ-साथ नासा और उसके सहयोगियों द्वारा समर्थित सर्वोत्तम प्रथाओं तथा मानदंडों के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।




For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

- आर्टेमिस समझौते का उद्देश्य **बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण अन्वेषण और उपयोग के लिए दिशा-निर्देश स्थापित करना** है।
- यह समझौता **वर्ष 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि** में प्रमुख दायित्वों को सुदृढ़ और कार्यान्वित करता है।
- यह समझौता संयुक्त राज्य अमेरिका और हस्ताक्षरकर्ता राष्ट्रों द्वारा पंजीकरण कन्वेंशन, बचाव और वापसी समझौते के साथ-साथ वैज्ञानिक डेटा की सार्वजनिक घोषणा सहित नासा और उसके सहयोगियों के समर्थन की सर्वोत्तम प्रथाओं की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# उत्तर कोरिया की सुपर लार्ज क्रूज मिसाइल :

- **अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव** के बीच **उत्तर कोरिया** ने फिर हथियारों का परीक्षण किया है।
- उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए के अनुसार रणनीतिक **क्रूज मिसाइल ह्वासल-1 आरए-3** के लिए तैयार वारहेड और **प्योलज्जी-1-2 विमान रोधी मिसाइल** का परीक्षण किया।



- एक नई **एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल** का परीक्षण किया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा किसी भी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद उत्तर कोरिया अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने में जुटा है।
- **उत्तर कोरिया** ऐसे मिसाइल बनाने की कोशिश कर रहा है ताकि वो संयुक्त राज्य अमेरिका और प्रशांत क्षेत्र में स्थित उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बना सके। उत्तरी कोरिया के इन मिसाइलों के परीक्षण को अमरीका अपनी और इसके सहयोगी देशों **– दक्षिण कोरिया ,जापान** के लिए खतरा मानता है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- **उत्तर कोरिया** के हथियारों के परीक्षण के जवाब में संयुक्त राज्य अमेरिका और क्षेत्र में उसके करीबी सहयोगियों, दक्षिण कोरिया और जापान ने अपने संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण का विस्तार करके अपने सैन्य सहयोग को बढ़ाया है। प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के कई सैन्य अड्डे हैं।
- **उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग** उन दक्षिण कोरिया और जापान के साथ अमेरिका के सहयोग को अपने शासन के लिए खतरे के रूप में देखते हैं।



For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के महानिदेशक - नलिन प्रभात

- वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी **नलिन प्रभात** को देश के आतंकवाद विरोधी और अपहरण रोधी बल, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।



- **श्री प्रभात आंध्र प्रदेश कैडर के 1992 बैच के आईपीएस** अधिकारी हैं। वह वर्तमान में जम्मू और कश्मीर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में तैनात हैं।
- इससे पहले **SSB प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी** NSG का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।



# राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड

## National Security Guard (NSG) :

- भारत की एक आतंकवाद-विरोधी इकाई है।
- यह गृह मंत्रालय के निरीक्षण में काम करता है।
- **स्थापना :** 16 अक्टूबर 1984
- **आदर्श वाक्य :** सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*

# मुख्य ऑपरेशन :

➔ ब्लैक थंडर ➔ अश्वमेध ➔ जम्मू और कश्मीर में कॉम्बैट मिशन ➔ वज्र शक्ति ➔ ब्लैक टारनेड़ो





# M C Q

# QUESTIONS

1. अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए आवश्यक घटकों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा कितने प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति दी गई है?

(A) 100% (B) 90%

(C) 80% (D) 70%

Ans;-100%

कौटिल्य एकेडमी

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

2. एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में भारत ने कुल कितने मेडल जीते हैं?

(A) 07
(B) 08
(C) 09
(D) 10

Ans;-09

कौटिल्य एकेडमी
For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App GET IT ON Google Play

3. **सुरिंदर एस. जोधका और किसको डॉ. मैल्कम आदिसेशिया राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के लिए चुना गया है?**

(A) विकास कुमार
(B) उत्सा पटनायक
(C) मीराबाई चानू
(D) ज्ञान चतुर्वेदी

**Ans;-विकास कुमार**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**4. 5 हजार IPL रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर कौन बने हैं?**

(A) महेंद्र सिंह धोनी
(B) ऋषभ पंत
(C) दिनेश कार्तिक
(D) संजू सैमसन

**Ans;-महेंद्र सिह धोनी**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

5. लामा 3 और रीयल-टाइम इमेज जनरेटर का अनावरण किसके द्वारा किया गया है?

(A) मेटा
(B) इंटेल
(C) माइक्रोसॉफ्ट
(D) open AI

Ans;-मेटा

कौटिल्य एकेडमी

**6. आर्टेमिस समझौते में शामिल होने वाला 39वां देश कौन बना है?**

(A) श्रीलंका
(B) वियतनाम
(C) बांग्लादेश
(D) स्लोवेनिया

कौटिल्य एकेडमी

**Ans;-स्लोवेनिया**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# Thank you!